<u>Sixteenth Loksabha</u>

an>

Title: Need to declare death anniversary of Guru Teg Bahadur Sahab as Shahidi Diwas.

माननीय अध्यक्ष : आज गुरु तेग बहादुर जी के बारे में प्रेम सिंह चन्दूमाजरा जी आप कुछ कहना चाहेंगे।

…(व्यवधान)

श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा (आनंदपुर साहिब): महोदया, आज गुरु तेग बहादुर साहब का बलिदान दिवस है। मैं सारे हाउस से कहना चाहता हूँ कि भारत की इस संसद की ओर से गुरु तेग बहादुर साहब को ट्रिब्यूट दी जाये। …(व्यवधान) अगर गुरु तेग बहादुर साहब बलिदान न देते, तो इस देश में अलग-अलग धर्म नहीं होते, अलग-अलग भाषायें न होतीं, अलग-अलग सभ्याचार न होते। …(व्यवधान)

महोदया, इतिहास गवाह है, मकतूल कातिल के पास चलकर गया। इतिहास में कातिल तो मकतूल के पास जाता है, लेकिन आनंदपुर साहब से चलकर मकतूल कातिल के पास गया। …(व्यवधान)

मैं भारत सरकार से निवेदन करना चाहता हूँ कि गुरु तेग बहादुर साहब के बलिदान दिवस को देश भर में बलिदान दिवस के तौर पर मनाया जाये और गुरु तेग बहादुर साहब के शहीदी दिन पर छुट्टी की जाए। …(व्यवधान)

महोदया, गुरु गोबिन्द सिंह जी ने कहा था,

“तिलक जंजू राखा प्रभ टाका, कीनो बड़ो कलू में साका।

सादन हेत इत जिन करी, शीश दिया पर सी न उचरी।”

उन्होंने दूसरी बात कही थी,

“ठीकर फोड़ दिलीस सिर, प्रभु पुर कीया पयां,

तेग बहादुर सी किरया, करी न किन्हूं आन।”

गुरु तेग बहादुर साहब ने हमें एक संदेश दिया है।

"मैं कहूं को देत रहे, न भये मान तान, जियो और जीने दो।"

महोदया, मैं आपके माध्यम से इस संसद के सारे मित्रों से कहना चाहता हूँ कि आज गुरु तेग बहादुर साहब को सत्कार भेंट करने के लिए सभी पार्टियों के लोग और सरकार की ओर से माननीय मंत्री जी दो मिनट उनकी शहादत पर, उनके सत्कार पर दो शब्द बोलें और उनको श्रद्धांजलि दें।...(व्यवधान)

आज के दिन को भारतवर्ष में 'बलिदान दिवस' के तौर पर मनाया जाए। मैं समझता हूं कि इससे उनका बहुत सत्कार होगा। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Hon. Members, do you not want to run the House? Do you not want to say anything? I am sorry.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: The House stands adjourned to meet again on Thursday, the 13th December, 2018 at 11 a.m.

<u>12 16 hrs</u>

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Thursday, December 13, 2018/Agrahayana 22,1940 (Saka.)

---

* Introduced with the recommendation of the President.